# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 14 मई, 2020 | dailysamvad.com | Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

*पंजाब सरकार का बड़ा फैसला*

### कर्फ्यू के दौरान अब इस समय में खुलेंगी दुकानें



**डेली संवाद, जालंधर:** पंजाब सरकार का बड़ा फैसला लेते हुए अब कर्फ्यू के दौरान शुक्रवार से सुबह 7 बजे से दुकानें खुलेंगी और शाम 6 बजे दुकानें बंद होंगी।

### मेरा पूरा कर्ज वापस लें और केस बंद करें : माल्या



**नई दिल्ली:** भारत में अपने प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहे शराब कारोबारी विजय माल्या ने गुरुवार को सरकार ने 100 प्रतिशत कर्ज चुकाने के उनके प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने सरकार से उनके खिलाफ मामले बंद करने की अपील भी की। माल्या ने हाल में घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज पर भारत सरकार को बधाई देते हुए अफसोस जताया कि उनके बकाया चुकाने के प्रस्तावों को बार-बार नजरअंदाज किया गया। उन्होंने ट्वीट किया, 'कोविड-19 राहत पैकेज के लिए सरकार को बधाई।

### विशेष घरेलू उड़ानों का संचालन स्वदेश लौटे नागरिकों के लिए ही होगा



**नई दिल्ली** : एयर इंडिया केवल वंदे भारत मिशन के तहत स्वदेश लौटे यात्रियों के लिए ही विशेष घरेलू उड़ानें संचालित करेगी। एयरलाइंस ने इस बात की जानकारी दी। एयरलाइंस के अनुसार, एयर इंडिया प्रत्यावर्तन मिशन के दूसरे चरण के दौरान इन विशेष उड़ानों को चलाएगी। कोरोनावायरस संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के बीच एयरलाइन विदेशों में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों को वापस लाने में जुटी हुई है।

### मास्टर शेफ संजीव कपूर चितकारा यूनिवर्सिटी के छात्रों से ऑनलाइन रूबरू

**चंडीगढ़** : टेलीविजन के मशहूर कुकरी शो खाना खजाना के मेजबान व 150 से खाने की विधियों पर किताब लिखने वाले मशहूर शेफ व पद्मश्री विजेता संजीव कपूर ने आज चितकारा यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ फेसबुक लाइव के जरिए बातें की और उन्हें लाकडाउन के दौरान ऐसे खाने पीने कीवस्तुओं की बारे में बताया जिससे प्रतिरोधक क्षमता को बढावा मिलता है।

## दुनिया में 44.55 लाख लोग अब तक संक्रमित

*दुनिया में करोनावायरस से अब तक 44 लाख 55 हजार 224 लोग संक्रमित हो चुके हैं। 16 लाख 76 हजार 413 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा 2 लाख 98 हजार 877 पर पहुंच गया है।*

## अमेरिका में संक्रमण

अमेरिका में 14.30 लाख मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 3.10 लाख ठीक हो चुके हैं जबकि 84013 की मौत हो गई है।

## देश में कुल 78,003 संक्रमित, 2564 मौतें; आज 13 लोगों की जान गई

**डेली संवाद, नई दिल्ली:** कोरोना से देश में अब तक 78003 लोग संक्रमण से ग्रसित हो गए हैं और 2 हजार 564 लोग जान गंवा चुके हैं। आज कोरोना से देश में13 लोगों की मौत हुई। दिल्ली में 9 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, कर्नाटक में 2, राजस्थान और आंध्र प्रदेश में 1-1 मरीज ने जान गंवाई। दिल्ली में अब तक 115 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, महाराष्ट्र में मरने वालों का आंकड़ा एक हजार के करीब पहुंच चुका है। यहां 975 लोगों की जान जा चुकी है। देश में मौतों का ग्राफ देखें तो पिछले चार दिनों 471 संक्रमितों ने दम तोड़ा है।

## पंजाब



पंजाब में कोरोना वायरस के अब तक कुल तकरीबन 1970 मामले सामने आए हैं। इससे मरने वालों की संख्या 33 है और 210 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं।

## आर्थिक पैकेज की दूसरी किस्त

# किसान, गरीब, मजदूरों के लिए वित्त मंत्री ने किए बड़े ऐलान

**डेली संवाद, नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को आर्थिक पैकेज की दूसरी किस्त का ब्योरा दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि मजदूर, रेहड़ी, छोटे किसानों के लिए आज ऐलान किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान गरीबों और श्रमिकों पर है। किसानों को कर्ज में ब्याज पर 31 मई तक छूट दी गई है। छोटे किसानों को रियायती दरों पर 4 लाख करोड़ का लोन का ऐलान किया।**



### बड़े ऐलान

#### वन नेशन, वन राशन कार्ड

वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना का ऐलान, यह अगस्त 2020 से लागू होगा। यह हर राज्य में मान्य होगा, देश के किसी भी राशन डिपो में प्रवासी मजदूर 5 किलो अनाज ले सकते हैं।

#### छोटे और सीमांत किसानों के लिए 30000 करोड़

3 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ देने के लिए 30000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सुविधा लेकर आए हैं। ये राशि स्टेट, जिला और ग्रामीण कॉपरेटिव बैकों के माध्यम से राज्यों को दी जाएगी।

#### सब्सिडी स्कीम 31 मार्च 2021 तक बढ़ा

वित्त मंत्री ने कहा कि मिडल इनकम ग्रुप जिनकी आय 6 लाख-18 लाख प्रति वर्ष है उनके लिए 70000 करोड़ का बढ़ावा देने वाली योजना लाए हैं जिससे उन्हें हाउसिंग सेक्टर में लाभ मिलेगा।

#### किफायती दर पर रेंटल स्कीम

प्रवासी मजदूरों के लिए किफायती दर पर रेंटल स्कीम लायी जाएगी। गरीबों को कम किराए में रहने के लिए घर मिलेगा।

#### मुद्रा शिशु लोन पर 2% राहत

मुद्रा शिशु लोन कटैगरी में लोग आते हैं उनके लिए 1500 करोड़ रुपए, ब्याज में 2त्न राहत देने की योजना सरकार लाई है।

#### प्रवासी मजदूर के लिए पैकेज

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रवासी मजदूर और शहरी गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए आपदा राहत फंड के माध्यम से 11000 करोड़ से अधिक की राशि राज्यों को उपलब्ध करवायी गई।

#### शहरी गरीबों के लिए 11,000 करोड़

वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी गरीबों को 11,000 करोड़ रुपए की मदद की गई है, एसडीआरएफ के जरिए मदद दी जा रही है। बेघरों में तीन वक्त का खाना मुहैया कराया जा रहा है। 12000 स्वयं सहायता ग्रुप ने तीन लाख मास्क बनाए।

#### व्यापारियों, किसानों को राहत

छोटे व्यापारियों और छोटे किसानों, स्वरोजगार करने वाले को राहत दी गई है। तीन करोड़ किसानों को सस्ती दरों पर लोन का फायदा मिला। वित्त मंत्री ने कहा गरीबों के खाते में सबसे पहले मदद पहुंचाई गई।



#### किसानों के लिए 4,22,000 करोड़ रूपये के कृषि लोन

वित्त ने कहा कि 3 करोड़ किसानों के लिए जो 4,22,000 करोड़ के कृषि लोन का लाभ दिया गया है उसमें पिछले तीन महीनों का लोन मोरटोरियम है। ब्याज पर सहायता दी है। 25 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड की मंजूरी दी है जिसकी लिमिट 25000 करोड़ होगी।

### केंद्र सरकार के कर्मचारियों को करना होगा घर से काम

**डेली सवाद, नई दिल्ली**

आने वाले दिनों में केंद्र सरकार के कर्मचारियों का वर्क कल्चर पूरी तरह बदल सकता है। इसके लिए एक मसौदा भी तैयार कर लिया गया है, जो विभिन्न मंत्रालयों में टिप्पणी के लिए भेजा गया है। इसके तहत केंद्रीय कर्मचारियों को घर से ही काम करना होगा। यही नहीं, कर्मचारियों को अलग-अलग कामकाजी घंटों में काम करना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने लॉकडाउन खत्म होने के बाद कर्मचारियों के लिए 'घर से काम卐 करने के संबंध में एक मसौदे की रूपरेखा तैयार की है। केंद्र सरकार के सभी विभागों को 21 मई तक अपनी टिप्पणियां भेजने के लिए कहा गया है, ऐसा न होने पर यह मान लिया जाएगा।

## रेलवे ने लोगों को दिया बड़ा झटका

# 30 जून तक के सभी टिकट कैंसिल

**डेली संवा, नई दिल्ली।**



भारतीय रेलवे ने एक नया अपडेट जारी किया है. यात्रियों को बड़ा झटका देते हुए रेलवे ने 30 जून 2020 या उससे पहले यात्रा करने के लिए बुक किए गए सभी टिकटों को रद्द कर दिया है. 30 जून 2020 तक बुक किए गए सभी टिकटों का रिफंड कर दिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई की खबर के मुताबिक भारतीय रेलवे ने 30 जून 2020 तक के लिए बुक किए गए सभी टिकटों को कैंसिल कर दिया है. जबकि सभी स्पेशल और श्रमिक स्पेशल ट्रेनें अपने समयानुसार चलेंगी. रद्द किए गए टिकटों का रीफंड भी कर दिया गया है। गौरतलब है कि रेलवे ने इससे पहले 17 मई तक ट्रेनों के टिकट कैंसिल किए थे. अब 30 जून तक सभी टिकट कैंसिल करने का रेलवे ने ऐलान किया है। रेलवे ने कहा था कि जल्द ही राजधानी और शताब्दी ट्रेनें शुरू की जाएंगी. ये ट्रेनें 22 मई से चलेंगी और इनमें आगामी 15 मई से बुकिंग शुरू होगी.

## विभिन्न सड़क हादसों में 16 मजदूरों की मौत

मुजफ्फरनगर. मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में तीन हादसों में 16 मजदूरों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के गुना में बस और कंटेनर की टक्कर में 8 मजदूरों की मौत हुई। 54 जख्मी हो गए। हादसा देर रात दो बजे बाइपास मार्ग पर हुआ। यह सभी लोग उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले जा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुधवार देर रात रोडवेज की बस ने 6 मजदूरों कि कुचल दिया। ऐसा ही एक हादसा बिहार में भी हुआ। यहां भी प्रवासियों की बस ट्रक से टकराई। दो लोगों की जान चली गई।

# पीएम केयर फंड में से पंजाब के खेत एवं अन्य मजदूर वर्ग को भी सहायता मिले: राकेश शान्तिदूत

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के जागरूकता समूहों में से एक जागदा पंजाब के संयोजक राकेश शान्तिदूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पी एम केयर फंड में से प्रवासी मजदूरों की देख रेख के लिए उनके गृह प्रदेशो को 31सौ करोड़ रुपये की राशि मंजूर किये जाने का स्वागत करते हुए उनसे मांग की है कि वह इसी तरह पंजाब के खेत, भट्ठा एवं अन्य मज़दूरों की भी चिंता करें।

यहां जारी एक विज्ञप्ति में श्री राकेश शान्तिदूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से उस वर्ग को भी संतोष हुआ होगा जो इस केयर फंड को लेकर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे थे। शान्तिदूत ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि वह पंजाब के इस मजदूर वर्ग की आर्थिक और जीवन हालात की जमीनी जानकारी अवश्य प्राप्त करे जो देश के अन्न भंडार में सर्वाधिक योगदान देने वाले इस सूबे की रीढ़ की हड्डी है।



जनधन खातों में गरीबों की सीधी आर्थिक मदद की है

संस्था के संयोजक ने आगे कहा कि यह मजदूर अपने सूबे में भी प्रवासी मजदूरों जैसा जीवन ही व्यतीत कर रहें है और संकट की इस घड़ी में सूबा सरकार की आर्थिक स्थिति बुरी तरह से चरमराई हुई है इसलिए प्रधानमंत्री पंजाब के इन मजदूरों को भी उसी दृष्टि से देखें जिस से वह अन्य प्रदेशों के प्रवासी मजदूरों को देख रहे है। उन्होंने कहा कि मजदूर बस मजदूर है और उनकी कोई अन्य पहचान नही है और सुबावार उनकी स्थिति में भी कुछ विशेष अंतर नही है।

शान्तिदूत ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस प्रकार जनधन खातों में गरीबों की सीधी आर्थिक मदद की है उससे इस मामले में भ्रष्टाचार को लगाम लगी है । उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि इसी प्रकार मध्यम वर्ग की भी मदद होनी चाहिये। शान्तिदूत ने सुझाव दिया कि यदि दो सौ लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज में से इस वर्ग को सीमित अवधि का ब्याज मुक्त या न्यूनतम ब्याज पर ऋष्ण उपभोक्ता ऋष्ण के रूप में सीधे खातों में डाल दिया जाए तो इससे इनको राहत मिल जायेगी और इकोनॉमी को भी गति मिलेगी।

शान्तिदूत ने कहा कि अकेले उद्योगों को मदद से तब तक कोई लाभ नही है जब तक उपभोक्ता की खाली जेब में पैसा नही आता। ऐसा न होने से उत्पादों का भंडारण हो जाने से उद्योगों को भी ऋष्ण वापिसी में कठिनाई होगी क्यों कि अभी कुछ माह तक एक्सपोर्ट बिज़नेस की संभावनाएं कोरोना संकट की वजह से कम हैं।

# जालंधर के भाजपा नेता शीतल अंगुराल पर अपहरण, कुकर्म के आरोप, पोस्को एक्ट ते तहत मामला दर्ज

**डेली संवाद, जालंधर**

भाजपा नेता शीतल अंगुराल और राजन अंगुराल समेत उनके दोस्तों के खिलाफ थाना डिवीजन नंबर पांच में अपहरण, कुकर्म के आरोप के साथ पोस्को एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता शीतल अंगुराल, राजन अंगुराल व उनके साथियों के खिलाफ करन नामक युवक ने अपहरण कर मारपीट करने, धमकियां देने और कुकर्म करने की



शिकायत दी थी। जिसके बाद इस मामले की जांच सीआईए स्टाफ को सौंप दी गई थी। पुलिस ने मामले की पूरी तरह से छानबीन करने के बाद युवा भाजपा नेता शीतल अंगुराल, राजन अंगुराल, जोली, जिम्मी, चिराग, दीपक व अन्य के खिलाफ किडनैपिंग, पोस्को एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा एफआईआर के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही भाजपा नेता शीतल अंगुराल को पुलिस ने जुए के मामले में गिरफ्तार किया था। उक्त दोनों भाई हमेशा ही किसी ना किसी मामले को लेकर सुर्खियों में आते रहते हैं। इस संबंध में शीतल अंगुराल सभी आरोपियों से पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनके मोबाइल नंबर बंद थे।

### पंजाब सरकार ने 1.10 लाख प्रवासी मजदूरों को घर भेजा

**डेली संवाद, चंडीगढ़** : पंजाब सरकार द्वारा प्रवासियों को अपने अपने राज्यों में पहुँचाने के लिए शुरू की गई मुहिम अधीन अब तक 90 रेल गाड़ीयों के द्वारा कुल 1,10,000 प्रवासी उनके राज्यों को भेजे गए हैं। इस कार्य पर राज्य सरकार ने अब तक 6 करोड़ रुपए से भी अधिक राशि खर्च की है। इसकी जानकारी देते हुए आज यहाँ राज्य के नोडल अफसर रेलवे श्री विकास प्रताप ने बताया कि प्रवासियों की घर वापसी को रेलवे की फिरोज़पुर डिवीजन् और अम्बाला डिवीजन् के सहयोग से यकीनी बनाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले दिनों के दौरान रोज़ाना 15 और रेल गाड़ियां चलाई जाएंगी।

## केंद्र से राहत पैकेज की घोषणा के के बाद मुख्यमंत्री योगी की शानदार पहल

# कोरोना संकट में पालनहार बने सीएम योगी, MSME के 57,000 उद्यमियों को दिए 2000 करोड़ का लोन

**धनंजय सिंह/डेली संवाद, लखनऊ**

केंद्र से आर्थिक पैकेज की घोषणा के 24 घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोन मेले के जरिए एमएसएमई सेक्टर को वह बूस्टर डोज दे दी जिसकी उसे प्रतीक्षा थी। दरअसल एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी के जरिए इसकी तैयारियां तो पहले से थीं। कोरोना के नाते इसमें कुछ गतिरोध आया था। कोरोना ने इसकी बेहतरी का अवसर भी मिला। अवसर मिलते ही मुख्यमंत्री ने इस सेक्टर को राहत देने में तनिक भी देर नहीं की।

इस क्रम में बुधवार को अपने आवास पर आयोजित ऑनलाइन लोने मेले में उन्होंने करीब 56 हजार 754 उद्यमियों को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक के लोन बांटे गये।



इससे दो लाख से अधिक लोगों को अतिरिक्त रोजगार मिलेगा। लॉकडाउन अवधि में इतने कम समय में इतने उद्यमियों को इतनी बड़ी धनराशि का लोन पूरी पारदर्शिता के साथ देने वाला उप्र पहला राज्य बन गया।

**एमएसएमई का साथी पोर्टल भी लांच :** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एमएसएमई का साथी पोर्टल भी लांच किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारे कामगार और श्रमिक हमारी ताकत और पूंजी हैं। हम इनके श्रम और हुनर का हर संभव उपयोग कर उप्र को देश और दुनिया का मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाएंगे। सदियों से उप्र के माथे पर पलायन को जो कलंक है उसे हरदम के लिए मिटाने को हमारे लिए बेहतरीन मौका है। दूसरे प्रदेश से आने वाले श्रमिकों का प्रदेश के नवनिर्माण में संभव उपयोग हो इसके लिए हर श्रमिक की दक्षता का रिकार्ड भी तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे दीपावली का पर्व है। इस दौरान पूरे देश में चीन से आने वाली गौरी-गणेश की मूर्तियां बड़े पैमाने पर बिकती हैं। हमारी कोशिश रही कि इस बार स्थानीय इकाईयां उसका विकल्प दें। टेराकोटा के सामान बनाने वाले गोरखपुर के उद्यमियों में यह हुनर है। वह चीन से भी बेहतर गुणवत्ता की मूर्तियां बना सकते हैं। इसके लिए सरकार उनका हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का एमएसएमई सेक्टर भारत में सबसे बड़ा है।











